JALAUN POLICE

दिनांक – 27.03.2025

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के कुशल नेतृत्व में कोतवाली कोंच पुलिस द्वारा चोरी की घटना का सफल अनावरण कर घटना से सम्बन्धित 03 अभियुक्तगण को चोरी की 21 अदद बोरी सूखी हरी मटर, 01 अदद ई-रिक्शा व 01 अदद चाकू के साथ गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

दिनांक 16.03.2025 की रात्रि को थाना कोतवाली कोंच क्षेत्रान्तर्गत चमरसेना रोड पर स्थित शिवेन्द्र सीड्स फर्म से अज्ञात व्यक्तियो द्वारा फर्म में रखी हुई मटर की बोरियां चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में शिवेन्द्र सिंह पटेल पुत्र राज किशोर नि0 ग्राम अण्डा कोतवाली कोंच जनपद जालौन की लिखित तहरीरी के आधार पर कोतवाली कोंच में मु0अ0सं0 71/2025 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया था।

श्रीमान् पुलिस अधीक्षक जालौन द्वारा घटना के सफल अनावरण हेतु थाना प्रभारी कोंच को निर्देशित किया गया था। जिसके क्रम में दिनांक 27.03.2025 को कोतवाली कोंच पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में रोकथाम अपराध, चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति, लुटेरे, वाहन चोर/वांछित अपराधी एवं पतारसी सुरागरसी एवं चैकिंग के दौरान मुखबिर की सटीक सूचना पर नदीगांव रोड पर एक बन्द पड़े मकान के पास से 03 अभियुक्तगण को 21 अदद बोरी सूखी हरी मटर, 01 अदद ई-रिक्शा व 01 अदद चाकू के साथ गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही की गयी।

पूछताछ में अभियुक्तगण द्वारा बताया गया कि हम लोगों ने कुछ दिन पूर्व चमरसेना रोड पर एक मकान में बने गोदाम से सूखी मटर की बोरियां चोरी की थी जिसमें से 04 बोरियां एक राह चलते अज्ञात व्यक्ति को बेंच दी थी उससे मिले पैसे हमने खर्च कर दिये है। आज हम लोग ई-रिक्शे से शेष बोरियों को बेचने के उद्देश्य से ले जा रहे थे कि आप लोगो ने पकड़ लिया।

अभियुक्तगण से माल बरामदगी के सम्बन्ध में कोतवाली कोंच में पंजीकृत अभियोग में धारा 317(2) बीएनएस व धारा 4/25 आयुध अधिनियम की बढ़ोत्तरी कर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की गयी है।

अभियुक्तगण का विवरण-

1. धर्मेन्द्र पाण्डेय पुत्र कृष्ण मुरारी निवासी मो0 गांधीनगर कस्बा व थाना कोंच जनपद जालौन उम्र करीब 22 वर्ष
2. गोविन्द उर्फ गोलू यादव पुत्र मुलायम यादव निवासी ग्राम पड़री थाना कोंच जनपद जालौन उम्र करीब 21 वर्ष
3. बिट्टू यादव पुत्र मुलायम यादव निवासी ग्राम पड़री थाना कोंच जनपद जालौन उम्र करीब 19 वर्ष

बरामदगी का विवरण-

1. 21 अदद कट्टा बोरी सूखी हरी मटर चोरी की
2. 01 अदद ई-रिक्शा
3. 01 अदद चाकू

गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरण-

1. प्र0नि0 कोतवाली कोंच मय टीम।